# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 21 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com




## एक नजर

### स्कूल, कालेज समेत शिक्षण संस्थानों को खोलने का डीसी का नया आदेश



**डेली संवाद, जालंधर** : जालंधर के डिप्टी कमिश्नर वरिंदर कुमार शर्मा ने आज आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कालेज समेत शिक्षण संस्थान अपने 33 फीसदी स्टाफ के साथ दफ्तर खोल सकते हैं। हालांकि इस दौरान किसी तरह का शिक्षण कार्य नहीं होगा। स्कूल में छात्रों को नहीं बुलाया जा सकता है।

### कांग्रेस पर पीएम केयर्स फंड की गलत जानकारी देने का आरोप, सोनिया गांधी पर एफआइआर



**नई दिल्ली** : देश इस वक्त कोरोना वायरस के महासंकट से जूझ रहा है और इस बीच कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान भी जारी है। इसी घमासान के बीच कर्नाटक के शिमोगा जिले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। FIR में आरोप लगाया गया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाई जा रही है। इसी के आधार पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 153, 505 के तहत ये एफआईआर दर्ज की गई है। सोनिया गांधी के खिलाफ FIR कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से हुए ट्वीट को लेकर हुई है। शिकायत प्रवीण केवी नाम के शख्स ने दी है। वह बीजेपी कार्यकर्ता होने के साथ-साथ वकील भी हैं। शिकायत 11 मई को दी गई थी, शिवमोगा पुलिस ने अब FIR दर्ज कर ली है।

### सीआरपीएफ कैंटीन में केवल स्वदेशी सामान बेचने का फैसला वापस



**नई दिल्ली** : गृह मंत्रालय ने आज महत्वपूर्ण फैसले में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की कैंटीन में केवल स्वदेशी सामान बेचे जाने के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। इससे पहले गृह मंत्रालय ने 13 फरवरी को आदेश जारी कर कहा था कि इन कैंटीनों में एक जून से सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री होगी ताकि घरेलू उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सके। इस आदेश में कहा गया था सभी कैंटीनों में केवल स्वेदशी सामान ही बेचे जाएंगे। इसके साथ गृह मंत्रालय सीएपीआफ ने देशभर में चलने वाली कैंटीन के लिए कम से कम 400 से अधिक वेंडरों से अपनी खरीद (ऑर्डर) भी स्थागित कर दी थी।

### राहत पैकेज नहीं मिलने से ट्रांसपोर्टर नाराज, सरकार को दी चक्का जाम की चेतावनी



**नई दिल्ली** : केन्द्र सरकार द्वारा 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज में राहत नहीं मिलने पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने ट्रकों का चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने कहा है कि अगर सरकार ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को रेस्क्यू पैकेज नहीं देती है तो वे लोग ट्रक नहीं चलाएंगे, जिससे देश में आवश्यक वस्तुओं की किल्लत हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है।

## ममता बोलीं- अम्फान तूफान से बंगाल में 72 की मौत

**डेली संवाद, कोलकाता**

सुपर साइक्लोन अम्फान से ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भारी तबाही हुई है. सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं. अकेले पश्चिम बंगाल में ही अब तक 72 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. जबकि तूफान ने ओडिशा में भी भारी तबाही मचाई है. यहां के कई इलाकों में भारी नुकसान पहुंचा है. तूफान बुधवार दोपहर ढाई बजे बीच पश्चिम बंगाल के दीघा और बांग्लादेश के हातिया द्वीप के बीच तट से टकराया। इस दौरान ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में बुधवार को 190 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी. हवा की रफ्तार अब थम गई है और तूफान बांग्लादेश की तरफ बढ़ गया है.



- ममता बनर्जी ने कहा कि चक्रवात के कारण बड़े पैमाने पर पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं. पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाके को बेहद नुकसान पहुंचा है. यहां पर बड़े पैमाने पर दोबारा वृक्षारोपण किया जाएगा.
- पश्चिम बंगाल सरकार चक्रवात अम्फान की वजह से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देगी- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सुपर साइक्लोन अम्फान से बंगाल में 72 की मौत हो चुकी है. इसमें से कोलकाता में 17 लोगों की मौत हुई है. ममता बनर्जी ने कहा कि पेड़ गिरने, घर ढहने और आसमानी बिजली की चपेट में आकर ज्यादातर लोगों की मौत हुई है.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया और पश्चिम बंगाल सरकार को हर संभव मदद का भरोसा दिया है. वहीं ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हालात का जायजा लेने के लिए राज्य का दौरा करना चाहिए.
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हालात पर उनकी नज़र है. इस बीच पीएम ने भी इस आपदा पर दुख जताया है.
- अब तक पश्चिम बंगाल में 17 लोगों की मौत हुई है. दूसरे ज़िलों से रिपोर्ट आने के बाद ये आंकड़ा बढ़ सकता है.

## जालंधर में प्रवासी युवक की धारदार हथियार से हत्या

**डेली संवाद, जालंधर** : जालंधर शहर से बाहर एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को राउंडअप कर पूछताछ शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक शंकर चौकी के तहत आते गांव टाहली में देर रात हुई लड़ाई में 40 साल के अज़ीम की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जांच के दौरान एक व्यक्ति को राउंडअप भी किया है। थाना प्रभारी सुखबीर सिंह गिल ने बताया कि सूचना मिली थी कि खेतों में मजदूर का कत्ल कर दिया गया है। एसपी डी सरबजीत सिंह ने बताया कि यह प्रवासी बिहार झारखंड का रहने वाले हैं जो दोनों ही जमींदार के पास पक्के तौर पर कार्यरत थे और देर रात दोनों ने एक साथ बैठ शराब पी। जिसके बाद विवाद होने पर सब्जी काटने वाली किसी वस्तु से हत्या की गई। फिलहाल जांच जारी है।

### देश में कोरोना के केस 1.12 लाख पार

## पिछले 24 घंटे में 5,609 नए मामले और 132 मौतें

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

भारत में भी कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अब चक लॉकडाउन के चार फेज लागू किए जा चुके हैं, मगर इसकी रफ्तार अब भी तेज ही है। देश में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या एक लाख पार कर चुकी है और दुनियाभर में यह 11वें स्थान पर आ चुका है। वीरवार के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस के 112359 मामले सामने आ चुके हैं और 3435 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, दुनियाभर की बात करें तो कोरोना के मामलों का आंकड़ा 50 लाख पार कर चुका है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 5,609 नए केस आए हैं और 132 मौतें हुई हैं।

**मरीजों की संख्या बढ़कर 112359 हो गई :** देश में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या बढ़कर 112359 हो गई है और कोविड-19 से अब तक 3435 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 5,609 नए मरीज मिले हैं और 132 मौतें दर्ज की गई हैं। अमेरिका में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से 1561 लोगों की मौत हुई है।

वर्ल्डोमीटर के आंकड़ों के मुताबिक, दुनियाभर में कोरोना वायरस से संक्रमितों



की संख्या 5,082,661 हो चुकी है और इस महामारी से अब तक 329,294 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में कोरोना वायरस से अब तक 92,387 की मौत हो चुकी है, जो पूरी दुनिया में किसी देश के लिए सबसे अधिक है।

**चीन पर हत्याओं को अंजाम देने का बड़ा आरोप :** कोरोना वायरस का कहर पूरी दुनिया में जारी है और अमेरिका अब तक इससे सबसे अधिक तबाह हुआ है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस को लेकर एक बार फिर से चीन पर हमला बोला है। डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर दुनियाभर में कोरोना वायरस को फैलाने और बड़े पैमाने पर हत्याओं को अंजाम देने का बड़ा आरोप लगाया है। बता दें कि अमेरिका में 91 हजार से अधिक लोगों की कोविड-19 से मौत हो चुकी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, 'चीन में कुछ सनकी (सिरफिरे) बयान जारी कर कोरोना वायरस के लिए अन्य लोगों को दोष दे रहे हैं, जबकि चीन की नाकामी ने दुनियाभर में हत्याओं को अंजाम दिया। यह चीन की अक्षमता के अलावा और कुछ नहीं है।'


## पंजाब वापस आ रहे हैं 20,000 एनआरआइ

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कैप्टन सरकार ने खोला सुविधा केंद्र

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नयी दिल्ली में सुविधा केंद्र स्थापित किया है जिससे विशेष उड़ानों के द्वारा विदेशों से वापस आ रहे पंजाबियों को राज्य में उनके सम्बन्धित जिलों में भेजने के लिए मदद की जायेगी जहाँ उनको संस्थागत एकांतवास में रहना पड़ेगा। यह प्रगटावा करते हुये मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने कहा कि इस सुविधा केंद्र में यातायात की सुविधा का बंदोबस्त किया गया जिससे विदेशों में फंसे एन.आर.आईज़ और पंजाबियों की उनके गृह जिलों में सुविधाजनक वापसी को यकीनी बनाया जा सके जहाँ उनको 14 दिनों के लिए एकांतवास में रहने के लिए रुकना पड़ेगा और कोविड के लिए टैस्ट भी लिया जायेगा। जिन व्यक्तियों के टैस्ट नेगेटिव पाये जाएंगे, उनको दो और हफ्तों के स्वै-एकांतवास के लिए घर भेज दिया जायेगा जबकि पॉजिटिव पये जाने वालों को देखभाल /इलाज के लिए एकांतवास केन्द्रों में भेज जायेगा।

बेहतर तालमेल यकीनी बनाऐगा मुख्यमंत्री ने बताया कि 'वन्दे




मातरम मिशन ' के अंतर्गत 20,000 पंजाबियों और एन.आर.आईज़ की घर वापसी की उम्मीद है और इनमें बहुत से उड़ानों के द्वारा नयी दिल्ली पहुँच रहे हैं। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर स्थापित किया गया सुविधा केंद्र बिना किसी अफरा-तफरी या दुविधा के बेहतर तालमेल यकीनी बनाऐगा।

उन्होंने कहा कि विदेशों में से पंजाब में अपने पैतृक स्थानों पर वापस आने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने वालों की सुरक्षित वापसी के लिए अलग-अलग देशों में कोआरडीनेटर उसी तर्ज पर नियुक्त किये गए हैं, जिस तरह उनकी सरकार द्वारा विशेष श्रमिक रेलों के द्वारा प्रवासी कामगारों के आने -जाने की सुविधा के लिए नोडल अफ़सर नियुक्त किये गए हैं।

क्वारंटीन के लिए बेहतर सुविधा

प्रवासी भारतीय मामलों संबंधी कैबिनेट मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी ने बताया कि इन लोगों के एकांतवास के लिए सम्बन्धी जिलों के होटलों के अंदर उचित प्रबंध किये गए हैं और जो विद्यार्थी और प्रवासी होटलों का ख़र्च नहीं उठा सकते, उनके लिए एकांतवास की सुविधा मुफ़्त उपलब्ध करवाई जायेगी।

## जालंधर में निगम यूनियनों का हंगामा, पार्षदों का किया बहिष्कार, नारेबाजी



**डेली संवाद, जालंधर**

नगर निगम यूनियन और पार्षदों के बीच विवाद जारी है। वीरवार को एक सम्मेलन में निगम यूनियनों ने पार्षदों को बाककाट कर नारेबाजी की। निगम के मुलाजिमों ने मांग करते हुए कहा कि पहले पार्षदों को सम्मेलन को बाहर किया जाए, फिर सम्मेलन होगा। एससी कमीशन की तरफ से आज कार्यक्रम रखा गया। इसमें सफाई सेवकों और सैनीटेशन में जुड़े लोगों को सम्मान दिया जाना था। इस मौके पर वहां कुछ पार्षद भी पहुंचे। जिसे मुलाजिमों ने विरोध शुरू कर दिया। मुलाजिमों ने कहा कि पार्षद को वापस भेजा जाए। इस दौरान जब पार्षद वापस नहीं गए तो मुलाजिमों ने नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया।

## फ्लाइट्स का किराया हुआ तय, 3 महीने तक बस फिक्स किराया ही ले पाएंगी एयरलाइंस

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 25 मई से घरेलू उड़ानों का ऑपरेशन शुरू करने की घोषणा कर दी है. इस घोषणा के साथ, उन्होंने एयर फेयर की अधिकतम एवं न्यूनतम सीमा भी तय कर दी है. मंत्रालय द्वारा एयर फेयर पर लगाया गया यह कैप



अगले तीन महीने तक लागू रहेगा. केंद्रीय नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश के सबसे ठ यस्ेत रूट का उदाहरण देते हुए बताया कि दिल्ली से मुंबई के बीच का न्यूनतम किराया 3500 रुपए और अधिकतम किराया 10 हजार रुपए तय किया गया है. इसी तरह, दिल्ली-मुंबई की ही तरह 25 मई से शुरू हो रही सभी सेक्टर की उड़ानों के किराए की सीमा तय कर दी गई है. नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि उनके मंत्रालय की कोशिश है कि आपदा के इस दौर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को किफायती दरों पर एयर टिकट उपलब्ध हों. इसी मकसद से सभी गंतव्यों का अधिकतम एवं न्यूनतम किराया तय किया गया है.







### आतंकवाद विरोधी दिवस पर सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

## कुपवाड़ा में लश्कर के तीन आतंकी गिरफ्तार

**डेली संवाद, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबल लगातार आतंकियों के सफाए में जुटे हैं। इसके चलते जगह-जगह सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आतंकवाद विरोधी दिवस पर सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल कुपवाड़ा में तीन आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये तीनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के सदस्य हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबल ने एक जॉइंट ऑपरेशन



के दौरान तीनों आतंकियों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आतंकियों से पूछताछ जारी है। इन आतंकियों के पकड़े जाने के बाद कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। इस ऑपरेशन को सेना की 28 आरआर द्वारा सफल बनाया गया।

### आतंकी हमले में एक जवान शहीद-दो घायल

**डेली संवाद, श्रीनगर** : दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा में गुरुवार को आतंकवादी हमले में एक पुलिस जवान शहीद हो गया जबकि दो अन्य घायल हो गए। पिछले 24 घंटों के भीतर यह दूसरा आतंकवादी हमला है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने पुलवामा में पिरछू के समीप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस की संयुक्त जांच चौकी पर गोलीबारी की। गोलीबारी में पुलिस के तीन जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां एक जवान की मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान अनूप सिंह के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के बाद आतंकवादी वहां से भाग निकले। अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गया है और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान छेड़ दिया है।

